




... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, बुधवार, 10 दिसम्बर-2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 99 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया










## वीर सावरकर अवॉर्ड के लिए चुने जाने पर भड़के शशि थरूर



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बुधवार को 'वीर सावरकर अवॉर्ड' मिलने पर सफाई देते हुए कहा कि उन्हें इसके बारे में कल केरल में रहते हुए ही पता चला। साथ ही उन्होंने इसको लेकर ऐतराज भी जताया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, 'मुझे मीडिया रिपोर्ट्स से पता चला है कि मुझे 'वीर सावरकर अवॉर्ड' के लिए चुना गया है, जो आज दिल्ली में दिया जाएगा। मुझे इस घोषणा के बारे में कल केरल में पता चला, जहां मैं स्थानीय स्व-सरकारी चुनावों में वोट देने गया था।' कांग्रेस नेता ने 'तिरुवनंतपुरम में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए, मैंने यह साफ किया था कि मुझे ऐसे किसी अवॉर्ड के बारे में न तो पता था और न ही मैंने उसे स्वीकार किया था और मेरी सहमति के बिना मेरा नाम की घोषणा करना ऑर्गनाइजर्स की तरफ से गैर-जिम्मेदाराना था। इसके बावजूद, आज दिल्ली में कुछ मीडिया आउटलेट्स वही सवाल पूछ रहे हैं।' 'इसलिए, मैं इस मामले को साफ तौर पर स्पष्ट करने के लिए यह बयान जारी कर रहा हूं। इसे देने वाले संगठन या किसी अन्य संदर्भ से जुड़ी जानकारी साफ न होने के कारण, आज मेरे इस कार्यक्रम में शामिल होने या अवॉर्ड स्वीकार करने का सवाल ही नहीं उठता।'

# घुसपैठियों के खिलाफ अब सर्जिकल स्ट्राइक



## गली-मुहल्लों में धर-पकड़ तेज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए घुसपैठियों के खिलाफ 'सर्जिकल स्ट्राइक' शुरू करने जा रही है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान में कहा गया कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकार ने कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति के तहत घुसपैठियों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। सरकार के इस कदम से जहां प्रदेश की आतंरिक सुरक्षा और सुदृढ़ होगी, वहीं दूसरी ओर प्रदेशवासियों को सरकारी योजनाओं का लाभ और पारदर्शी तरीके से मिलेगा। इस निर्णय से पात्र व्यक्ति ही योजनाओं का लाभ उठा सकेगा। बयान के मुताबिक उप्र सरकार घुसपैठियों की पहचान कर उन्हे निरुद्ध केंद्र में रखेगी, इन केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था अभेद होगी, जिसे भेद पाना किसी के लिए भी नामुमकिन होगा। सरकार के सख्त कदम से प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था पर एक सकारात्मक असर पड़ेगा। यह कदम अपराधियों और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण को आसान बनाएगा। प्रदेश में अपराधों की संख्या कम होगी और इसके साथ ही लोगों का विश्वास भी सरकार की कार्यप्रणाली पर बढ़ेगा। बयान के अनुसार प्रदेश में घुसपैठियों की वजह से सरकारी योजनाओं का लाभ अपात्र लोग भी उठे रहे हैं। ऐसे में इनकी पहचान होने से सरकारी योजनाओं का लाभ असली हकदारों तक पहुंचेगा। इससे पहले, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नागरिकों से अपील की थी कि वे सतर्क रहें और घरेलू अथवा व्यावसायिक कार्यों में किसी भी व्यक्ति को नियुक्त करने से पहले उसकी पहचान अवश्य सत्यापित करें। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और सुदृढ़ कानून-व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के विरुद्ध सख्त एवं निर्णायक अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में उच्चतम न्यायालय की हालिया टिप्पणी का उल्लेख करते हुए कहा, ''उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई के दौरान अत्यंत महत्वपूर्ण टिप्पणी की है कि घुसपैठियों के लिए लाल कालीन नहीं बिछाया जा सकता। इससे स्पष्ट है कि घुसपैठिए किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं हैं।' उन्होंने कहा कि संसाधनों पर अधिकार नागरिकों का है, घुसपैठियों का नहीं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि राज्य की सुरक्षा और सामाजिक संतुलन बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों के विरुद्ध सघन अभियान शुरू किया गया है तथा सभी शहरी स्थानीय निकायों को संदिग्ध विदेशी नागरिकों की पहचान कर सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संसाधनों पर अनधिकृत बोझ हटाना आवश्यक है और कल्याणकारी योजनाओं के लाभ को वंचितों तक पहुंचने से रोका नहीं जा सकता, इसी उद्देश्य से दस्तावेज सत्यापन का विशेष अभियान चलाया जा रहा है और पहचाने गए घुसपैठियों को आगे की कार्रवाई के लिए निरुद्ध केंद्र भेजा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर मंडल में ऐसे केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। जनता से अपील करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि घरेलू या व्यावसायिक कार्यों में किसी भी व्यक्ति को नियुक्त करने से पहले उसकी पहचान अवश्य सत्यापित करें। उन्होंने कहा, 'राज्य की सुरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, क्योंकि सुरक्षा ही समृद्धि की नींव है।' हम आपको याद दिला दें कि उच्चतम न्यायालय ने भारत में रह रहे रोहिंग्या को लेकर कानूनी स्थिति पर सवाल उठाते हुए दो दिसंबर को पूछा था कि जब देश के अपने नागरिक ही गरीबी से जूझ रहे हैं, तो 'घुसपैठियों' को 'लाल कालीन बिछाकर स्वागत' क्यों दिया जाए। वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों में नेताओं की ओर से जागरूकता अभियान चला कर दुकानदारों से कहा जा रहा है कि वह नौक-

## ...तो फिर सरकार ने क्या किया?



● इंडिगो विमानों के रद्द होने पर अदालत ने पूछा सवाल, दूसरे एयरलाइंस को आपदा में अवसर का लाभ उठो की अनुमति किसने दी?

**नई दिल्ली।** इंडिगो फ्लाइट संकट से प्रभावित यात्रियों को ग्राउंड सपोर्ट और रिफंड दिलाने की मांग से जुड़ी जनहित याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। इस दौरान हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि आखिर ऐसी स्थिति क्यों बनी और इसके लिए जिम्मेदार कौन है। कोर्ट ने कहा कि ये यात्रियों की समस्या के साथ अर्थव्यवस्था से जुड़ा है। कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि लोगों को मुआवजा देने के लिए कोई कदम उठाया गया है। केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए एएसजी चेतन शर्मा ने कहा कि सरकार ने किराया पर कैपिंग की है और इसे सख्ती से लागू किया गया है। कोर्ट ने कहा ये पांच दिन बाद किया गया और जो टिकट 5 हजार में उपलब्ध थी वो 30 से 35 हजार की हो गई। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर कोई आपात स्थिति थी तो दूसरी एयरलाइंस को इसका फायदा उठाने की अनुमति क्यों दी गई। एएसजी चेतन शर्मा ने इस संबंध में उठाये गए कदम के संबंध में कोर्ट को दस्तावेज पेश किए। यह भी कहा कि एकल पीठ ने इस संबंध में एयरलाइन को एक नवंबर तक का समय दिया था, लेकिन उसकी तरफ से कोई कदम नहीं उठाया गया।


## दिल्ली में कई स्कूलों को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में एक बार फिर बुधवार को कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। लक्ष्मी नगर स्थित लवली पब्लिक स्कूल को फोन कॉल पर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। वहीं, धमकी की सूचना पर पुलिस, दमकल और एजेंसियां समेत कई टीमें मौके पहुंचीं और जांच शुरू कर दी। वहीं, स्कूलों ने तुरंत पैरेंट्स को एक नोटिस जारी किया कि वे सावधानी के तौर पर अपने स्टूडेंट्स को ले जाएं। नोटिस में स्टूडेंट्स और पैरेंट्स में पैनिक पैदा किए बिना स्थिति पर करीब से नजर रखने और उसे मैनेज करने के लिए स्टूडेंट्स को धीरे-धीरे हटाने की बात कही गई।

## आधी रात, ट्रेन से गिरफ्तार किए गए अमिताभ ठाकुर

### जांच में सहयोग नहीं करने का आरोप

● कानपुर के अधिवक्ता की संपत्ति के बाबत करवाना चाहते थे छानबीन




**लखनऊ।** पूर्व आईपीएस व आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर को लखनऊ पुलिस की एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। वह कल रात लखनऊ से दिल्ली जा रहे थे। इस दौरान उन्हें शाहजहांपुर में ट्रेन से उतारा गया और एसटीएफ की टीम उन्हें देवरिया लेकर चली गई। उन्हें जांच में सहयोग नहीं करने पर गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि अमिताभ ठाकुर भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। हाल ही में उन्होंने कानपुर के अधिवक्ता अखिलेश दुबे की संपत्तियों की गहन जांच कराने की मांग की थी। उन्होंने मंडलायुक्त कार्यालय के एक कर्मचारी की भूमिका पर भी सवाल उठाए थे। उन्होंने साकेतनगर स्थित पार्क की जमीन पर कब्जाकर किशोरी वाटिका गेस्ट हाउस बनाने और अखिलेश दुबे के कार्यालय के आवंटन की जांच की मांग की थी।

## हल्द्वानी में सख्ती, दुकानें और स्कूल बंद पैदल चलने वालों के चेक हो रहे आधार

● बनभूलपुरा रेलवे भूमि केस के चलते नैनीताल में तनाव, प्रशासन ने बढ़ाई सुरक्षा

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा रेलवे भूमि प्रकरण को लेकर सुबह 8:00 बजे से ही क्षेत्र में जीरो जोन घोषित कर दिया गया है। जीरो जोन में प्रवेश करने वाली स्कूटीयों की डिग्गी भी चेक की जा रही है। वहीं पैदल चलने वालों से भी आधार कार्ड देखे जा रहे हैं। सुनवाई के चलते नैनीताल पुलिस ने पूरी सख्ती बरत रही है। बुधवार की सुबह से बनभूलपुरा क्षेत्र में पुलिस असलहे व लाठी संग मुस्तैद हो गई है। क्षेत्र में पुलिस पैदल गश्त भी कर रही है। वहीं क्षेत्र की कई दुकानें बंद तो कुछ खुली हुई हैं। स्कूलों में भी छुट्टी की गई है। जीरो जोन घोषित होने का असर रेलवे बाजार की इलेक्ट्रानिक की दुकानों में दिखाई दे रहा है। यहां पूरी तरह से सन्नाटा है। जबकि जीरो जोन होने के चलते गौला पुल से लोगों को प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है। पैदल आने वाले लोगों से भी आधार कार्ड चेक किया जा रहा है। हल्द्वानी रेलवे स्टेशन से बनभूलपुरा की ओर जाने से मनाही है।



## ट्रंप प्रशासन ने रद्द किए 85,000 अमेरिकी वीजा, कई भारतीय आवेदकों का इंटरव्यू टला



**वॉशिंगटन।** अमेरिका की वीजा नीति को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार सख्त कदम उठा रहे है। इसके चलते कई देशों के वीजा आवेदकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बात को ऐसे समझा जा सकता है कि एक तरफ जहां प्रशासन ने जनवरी 2025 से लेकर अभी तक दुनियाभर के 85,000 वीजा रद्द कर दिए, तो दूसरी तरफ अब एच-1बी वीजा की जांच को और सख्त करने के लिए ट्रंप प्रशासन के सोशल मीडिया को सार्वजनिक करने के फैसले को लेकर बातचीत तेज हो गई है। ट्रंप प्रशासन के इस कदम से खासकर भारत में एच-1बी वीजा आवेदकों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कारण है कि ट्रंप प्रशासन की तरफ से कई वीजा इंटरव्यू अगले साल तक स्थगित कर दिए गए हैं।

## टीएमसी को पलीता लगाएंगे हुमायूं!

### ओवैसी के साथ मिलकर नयी पार्टी बनाने का किया ऐलान





● तय की 22 दिसम्बर की तारीख 135 सीटों पर उम्मीदवार उतारने का दावा

**नई दिल्ली।** ममता बनर्जी के पूर्व विधायक हुमायूं कबीर ने उन्हीं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। हुमायूं कबीर की नजर मुस्लिम वोट बैंक पर है। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस (TMC) को खुली चुनौती दी है कि 2026 के चुनाव में वो किंगमेकर साबित होंगे। वहीं, अब हुमायूं कबीर अपनी तुलना असदुद्दीन ओवैसी से कर बैठे हैं। हुमायूं कबीर का कहना है कि वो बंगाल के ओवैसी हैं। उन्होंने दावा किया है कि AIMIM के अध्यक्ष और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी उनके साथ गठबंधन करने के लिए राजी हो गए हैं। 'मैंने ओवैसी से बात की है। ओवैसी ने मुझसे कहा है कि वो हैदराबाद के ओवैसी हैं और मैं बंगाल का ओवैसी हूं।' मैं आज कोलकाता जा रहा हूं और वहां मैं पार्टी की कमेटी बनाऊंगा। 22 दिसंबर को लाखों समर्थकों के साथ मैं अपनी नई पार्टी की नींव रखूंगा। बता दें कि पश्चिम बंगाल में 27 प्रतिशत मुस्लिम वोट बैंक TMC को मिलता है। हुमायूं कहते हैं, 'मैं नई पार्टी बनऊंगा, जो मुस्लिमों के लिए काम करेगी। 135 सीटों पर मैं अपने उम्मीदवार उतारूंगा। 2021 के विधानसभा चुनाव में ओवैसी की पार्टी AIMIM ने 7 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन उन्हें किसी भी सीट पर जीत नहीं मिली। ऐसे में हुमायूं के साथ गठबंधन करके ओवैसी बंगाल में एंट्री की तैयारी कर रहे हैं।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 28.3°C
● तापमान न्यूनतम : 13.0°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 10 दिसम्बर, बुधवार, 2025 (3)



छाया : जनमुख डेस्क



काशी तमिल संगमम् 4.0 के अवसर पर नमो घाट पर उपस्थित एनसीसी कैडेट्स

छाया : जनमुख




### विश्वनाथ धाम के लोकार्पण की चौथी वर्ष गांठ 13 को

# धूम से निकलेगी भव्य शोभायात्रा



**● शिव बारात समिति ने किया आयोजन, भारतीय नारी के शौर्य पर आधारित होंगी झांकियां**

**वाराणसी।** काशी की सड़कों पर शनिवार 13 दिसंबर को उल्लास छाएगा, हर हृदय में उल्लास उमड़ेगा, भक्ति की तरंग हर तरफ होगा, साथ ही बाबा के भक्त में उमंग भी दिखेगा वही पुराने बनारसी मौज मस्ती की धूम और तब जागेगा। काशी का शिवत्व, छलकेगा अपनत्व और ऐसा भी हो तो क्यों नहीं, काशी वासियों के परम पिता, काशी के कुलाधिपति बाबा विश्वनाथ के भव्य काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण का चौथा वर्ष गांठ जो है। संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश और विश्व प्रसिद्ध शिव बारात समिति द्वारा 13 दिसंबर को दोपहर 11.30 भव्य शोभा यात्रा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूरे आन बान व शान के साथ निकलेगी, जिसमें पूरा लोक महोत्सव का रूप दिखेगा। शिव बारात समिति अपने हर कार्यक्रम में कुछ नया कुछ न कुछ नया ही करती है, इस बार भी शोभा यात्रा भारतीय नारी के शौर्य, पर आधारित होगी, भारतीय महिला क्रिकेट टीम को विश्व विजेता होने पर एक विशेष झांकी मंगाया गया है जो नारी शक्ति के सशक्तिकरण का परिचायक होगा, भारतीय महिला क्रिकेट टीम अदम्य साहस, पराक्रम, और आत्म विश्वास को दिखाएगा, वहीं दूसरी तरफ देश में किसी भी शहर के ऊपर से उड़ता उड़न खटोला भी शामिल होगा। कई लोक नृत्य के कलाकार अपनी अलग-अलग कला का प्रदर्शन करते दिखेंगे, लोक नृत्य को बचाने और बनाए रखने का प्रयास समिति शुरू से करती चली आ रही है। इसके अतिरिक्त सभी देवी देवताओं, बाबा के गण, किन्नर लॉग विमान शामिल रहेंगे, विश्व प्रसिद्ध आदिवासियों के करमा नृत्य के कलाकार को भी बुलाने का प्रयास हो रहा है, माता वैष्णो देवी की अखण्ड ज्योति मुख्य आकर्षण का केन्द्र बने होंगे। नगर की चार दर्जन से ज्यादा संस्थाओं की भागीदारी होगी। काशी विश्वनाथ धाम के मुख्य द्वार पर खत्री हितकारिणी सभा आरती और पुष्प वर्षा करेगी, पूरे रास्ते में विभिन्न समाज स्वागत, पेयजल और पुष्प वर्षा करेंगे। काशी विश्वनाथ धाम का यह लोकार्पण दिवस पर निकलने वाली शोभा यात्रा कोई मामूली शोभा यात्रा नहीं है बल्कि इतिहास के पन्नों में दर्ज होने वाली शोभा यात्रा है, जब धाम की परिकल्पना करने वाले, इसे बनाने वाले और हम आप नहीं रहेंगे तो यही परम्परा, लोकार्पण दिवस, इसकी परिकल्पना करने वाले और बनाने वाले और लोकार्पण का तारीख और सन् बताएगी। शोभा यात्रा के मुख्य अतिथि डाक्टर नीलकंठ तिवारी और विशिष्ट अतिथि के रूप में अम्बरीष सिंह भोला को आमंत्रित किया गया है।

## विद्युत मजदूर संगठन ने जताया छंटनी के खिलाफ रोष, दी आंदोलन की चेतावनी



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** विद्युत मजदूर संगठन एवम विद्युत संविदा मजदूर संगठन, वाराणसी का प्रतिनिधिमंडल इन्द्रेश राय पूर्वांचल अध्यक्ष के नेतृत्व में मंगलवार को मुख्य अभियन्ता, वाराणसी क्षेत्र- प्रथम राकेश कुमार से मिलकर वाराणसी के विभिन्न उपकेंद्रों पर कार्यरत संविदा कर्मचारियों की अनर्गल की जा रही छंटनी के विरुद्ध में मिलकर रोष प्रकट किया गया। इन्द्रेश राय ने बताया यदि छंटनी किये गये संविदाकर्मियों को अतिशीघ्र वापस नही रखा जाता है तो जल्द ही संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। संगठन के ओर से दिलीप कुमार पाण्डेय, संदीप कुमार, उदय प्रताप सिंह, उदय भान दुबे, अरविन्द कुमार यादव,रंजित पटेल, शशि भूषण सिंह, तरुण राय, अवनीश प्रजापति उपस्थित रहे।

## काशी सांसद रोजगार महाकुंभ में 28 छात्रों को विदेश में मिली नौकरी

**वाराणसी।** करौंदी स्थित आईटीआई कॉलेज परिसर में दो दिवसीय 'काशी सांसद रोजगार महाकुंभ-2025' शुरू हुआ। आज दूसरे दिन भी पूर्वांचल के विभिन्न राज्यों से छात्र छात्राएं अपने योग्यता के अनुसार इंटरव्यू दे रहे हैं। वहीं पहले ही दिन 4523 अभ्यर्थियों के लिए नौकरी के द्वार खुले। खास यह कि इनमें 28 अभ्यर्थियों का चयन विदेशी कंपनियों ने भी किया है। मेले में पंजीकृत 14408 अभ्यर्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। देश-विदेश की 188 नामचीन कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों को योग्यता के मानक पर कसा। जो खरे उतरे उन्हें जॉब ऑफर किया। सबसे ज्यादा बैंक, ऑटो मोबाइल और सुरक्षा गार्ड के लिए आवेदन हुए हैं। इस बार प्रशासन का दावा है कि 27 हजार युवाओं को नौकरी देंगे।

## बिजली बिल राहत शिविर पहुंचे मंत्री



**● पीएम और सीएम की तारीफ के साथ योजना को बताया ऐतिहासिक**

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के.शर्मा ने अपने वाराणसी प्रवास के दौरान मंगलवार को रोहनिया स्थित विद्युत उपकेंद्र पर आयोजित बिजली बिल राहत योजना शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में भारी संख्या में उपभोक्ताओं की भीड़ रही। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की उपस्थिति यह दर्शाती है कि प्रदेश सरकार की यह ऐतिहासिक योजना जनता के बीच तेजी से विश्वास और लोकप्रियता बना रही है। आज के शिविर में कुल 173 उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया, जो उपभोक्ता हित में चल रही इस योजना की सफलता का महत्वपूर्ण संकेत है। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने उपस्थित उपभोक्ताओं से संवाद करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शुरू की गई यह योजना उन लाखों परिवारों के लिए बड़ी राहत है, जिन पर वर्षों से बिजली बिल का भारी बोझ था।

## डीजे ने ले ली अधेड़ की जान!

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** चौबेपुर थाना अंतर्गत छितौनी गांव में सोमवार की रात लेढ़ूपुर इलाके में शादी के डी.जे. और वूफर के कंपन ने 50 साल के रामसूरत निषाद की जान ले ली। राम सूरत निषाद, उम्र 50 वर्ष, इलाके में गोलगप्पे का ठेला लगाकर अपना और परिवार का पेट भरते थे। सोमवार को पत्नी और भतीजा के साथ वाराणसी के माता आनंदमयी अस्पताल में चिकित्सक से दवा लेकर अपने गांव वापस लौट रहे थे की तभी लेढ़ूपुर इलाके में, रात के लगभग 9 बजे, एक मैरिज लॉन के सामने बारातियों के डी.जे. पर डांस के चलते लगभग 1 किलोमीटर तक सड़क पर जाम लगा हुआ था। जाम के झाम में उनका ऑटो रिक्शा ऐसा फंसा कि चाह कर भी निकल नहीं सके। शोर के कारण रामसूरत निषाद की बेचैनी बढ़ते देख कर उनके परिजनों ने बारातियों से बार-बार हाथ जोड़कर प्रार्थना की कि मगर बारातियों ने कहा कि यह शादी की बारात है और हम डी.जे. को नहीं बंद कर सकते। इसके बाद कुछ ही मिनट में, रामसूरत निषाद की मौके पर ही तड़प कर मौत हो गई। तेज आवाज के चलते हुई घबराहट, चिल्लाहट, असफल बहस और फिर मौत के बीच समय का फ़ासला इतना कम था कि अस्पताल ले जाने का मौका भी नहीं मिला।

## उमा प्रेम नेत्रालय में 2025 मॉडल Contoura vision तकनीक की शुरूआत

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** बेहतर दृष्टि सुधार व चश्मा पर निर्भरता नहीं होने को उन्नत तकनीक का 2025 मॉडल Contoura Vision + Wave light Ex500 Excimer मशीन का आरम्भ उमा प्रेम नेत्रालय में मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा एमएलसी द्वारा किया गया। इस अवसर पर एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि मॉडल Contoura Vision तकनीक के आरंभ होने से अब मरीजों को महानगरों पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा। हॉस्पिटल के निदेशक एवं वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डा. अरूण कुमार गुप्ता ने बताया कि Contoura Vision तकनीक के माध्यम से नाईट विजन में सुधार, ग्लेयर और हेले में कमी तथा एचडी विजन जैसी अधिक स्पष्ट और सटीक दृष्टि प्राप्त होती है। अस्पताल की निदेशिका शालिनी गुप्ता ने कहा कि इस तकनीक की शुरूआत पूर्वांचल की चिकित्सा व्यवस्था के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

## रोटी-कपड़ा और मकान : मांग रहा मजदूर-किसान




**● मशाल जुलूस निकालकर मानवाधिकार की जगायी अलख**

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस की पूर्व संध्या पर लोक समिति, विश्व ज्योति जन संचार समिति के कार्यकर्ता और दिहाड़ी मजदूरों ने मंगलवार को पयागपुर गांव में मशाल जुलूस निकाला। इस दौरान लोगों ने रोटी कपड़ा और मकान, मांग रहा मजदूर किसान, भीख नही अधिकार चाहिये जीने का सम्मान चाहिए, जुल्म करेंगे नहीं जुल्म सहेंगें नही आदि नारे लगाकर मानवाधिकार के प्रति ग्रामीणों को जागरूग किया। सभा में विश्व ज्योति जन संचार समिति के निदेशक फादर प्रवीण ने कहा कि सभी को बिना भेदभाव के जीने का अधिकारी होना चाहिए। इस अवसर प्रेरणा कला मंच द्वारा मुंशी प्रेमचंद के उपन्यास पर आधारित नाटक प्रेम की बोली बोल प्रस्तुत किया। लोक समिति संयोजक नन्दलाल मास्टर ने कहा कि मानवाधिकार यह सुनिश्चित करता है कि हर व्यक्ति को भोजन के साथ सम्मान मिले।

## दुर्गावती देवी इंटर स्कूल में कैरम प्रतियोगिता कल

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** चौदहवीं स्वर्गीय दुर्गावती देवी इंटर स्कूल जूनियर सब जूनियर और सीनियर कैरम प्रतियोगिता कल 11 दिसंबर से ङ सिंह निकेतन मलदहिया में प्रातः दस बजे से प्रारंभ होगी। वाराणसी कैरम एसोसिएशन और सिंह सर्वार्थ सिद्धि ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्कूलों के 12,14 और 18 आयु वर्ग के बालक-बालिका दोनों वर्ग के खिलाड़ियों के साथ साथ सीनियर वर्ग के महिला वर्ग के खिलाड़ियों को भी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। उक्त जानकारी देते हुए एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष और प्रवक्ता रमेश कुमार वर्मा ने बताया है नाक आउट आधार पर खेली जाने वाली इस तीन दिवसीय कैरम प्रतियोगिता में दर्जनों विद्यालयों के सैकड़ो बालक बालिका खिलाड़ियों के साथ साथ सीनियर वर्ग के महिला पुरुष खिलाड़ी भी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324

# लोकगीत पर थिरके दक्षिण भारतीय कलाकार, शिव स्तुति पर श्रोता मुग्ध




**● मंत्री ने संभाला मुख्य अतिथि का पदभार**

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज एवं दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र तंजावूर संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित काशी तमिल संगमम 4.0 संस्करण के आठवें दिन नमोघाट स्थित मुक्ताकाशी प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमे तमिलनाडु एवं काशी के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना काशी की धरती पर चरितार्थ हो रही है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम प्रस्तुति रंजना राय एवं दल, वाराणसी द्वारा लोक गायन से दी गयी। द्वितीय प्रस्तुति एन आनन्द वेलमुर्गन एवं दल, तमिल नायडू द्वारा लोक नृत्य एवं वादन की। तृतीय प्रस्तुति कुमकुम रस्तोगी एवं दल द्वारा लोक नृत्य की। अंतिम प्रस्तुति में डॉ. एस.ए. थनीकचलम, तमिल नायडू द्वारा तमिल लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन सौरभ चक्रवर्ती ने किया।



### एनसीसी कैडेट्स ने किया अनोखा अनुभव

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** काशी तमिल संगमम् 4.0 के अवसर पर नमो घाट पर एक विशेष सांस्कृतिक-शैक्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें राधा किशोरी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (रामनगर) के एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक सहभाग किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तर और दक्षिण भारत की भाषाओं एवं संस्कृतियों को जोड़ना था। तमिलनाडु से आए प्रतिनिधियों और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में एनसीसी छात्रों ने तमिल भाषा के कुछ महत्वपूर्ण शब्द एवं वाक्यों का अभ्यास किया। विद्यार्थियों ने गर्व के साथ कहा कि यह अनुभव उनके लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा।

### अतिथि कृषक समूह ने किया भारत कला भवन का अवलोकन

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** काशी तमिल संगमम् के चौथे संस्करण में तमिलनाडु से आए प्रतिनिधि मंडल ने बीएचयू स्थित भारत कला भवन का भ्रमण किया। जहां उन्होंने पारंपरिक तमिल नृत्य और खेलों के माध्यम से सांस्कृतिक आदान–प्रदान का आनंद लिया। प्रतिनिधियों ने मूर्तिकला के साथ मुगल शैली की पेंटिंग देखी।

### सीबीसी चित्र प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** उत्तर एवं दक्षिण भारत की सांस्कृतिक आदान-प्रदान की परंपरा को पुनर्जीवित करने के साथ-साथ राष्ट्र की एकता और अखंडता को बल प्रदान करने के उद्देश्य से वाराणसी में आयोजित काशी तमिल संगमम 4.0 में केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा लगायी गयी चित्र- प्रदर्शनी दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी। चित्र-प्रदर्शनी में काशी और तमिलनाडु के ऋषि, सामाजिक सुधारक, बैज्ञानिक, शिक्षाविद, कवि और स्वतंत्रता सेनानी के जीवन दर्शन पर चित्रों एवं शब्दों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है।

## प्रयागराज समाचार

### यूपी के 3000 वकीलों पर क्रिमिनल केस



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूछा प्रदेश के कितने वकीलों पर कितने क्रिमिनल केस चल रहे हैं। सवाल के जवाब में राज्य सरकार ने अपना जवाब दाखिल किया। राज्य सरकार ने बताया- प्रदेश में लगभग 3 हजार वकीलों पर क्रिमिनल केस चल रहे हैं। न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने 15 दिसंबर को अगली सुनवाई पर जिलेवार सूची प्रस्तुत करने को कहा है। अपर महाधिवक्ता अनूप त्रिवेदी और अपर शासकीय अधिवक्ता प्रथम परितोष कुमार मालवीय ने कोर्ट को जानकारी दी। बताया- अब तक की जांच में लगभग तीन हज़ार वकीलों पर चल रहे मुकदमों की जानकारी हुई है। यह संख्या अंतिम नहीं है। अभी और जानकारी जुटाई जा रही है। इसमें अभी समय लगेगा। DGP की ओर से दाखिल हलफनामे में वकीलों क्रिमिनल हिस्ट्री प्रस्तुत किया गया जबकि डीजी अभियोजन के हलफनामे में मुकदमों के ट्रायल की जानकारी दी गई। कोर्ट ने 15 दिसंबर को सारी जानकारी देने का निर्देश दिया है। साथ ही याची को इस मामले में यूपी बार कौंसिल को पक्षकार बनाने का निर्देश दिया। एडवोकेट मोहम्मद कफील की याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट को पता चला कि याची स्वयं गैंगस्टर एक्ट सहित कई आपराधिक मामलों में शामिल है। यहीं नहीं भाई कुख्यात अपराधी हैं।

## सोनभद्र समाचार

### ट्रेलर की टक्कर से शव लेकर जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, वृद्ध की मौत, 10 घायल

**सोनभद्र।** वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर रॉबर्ट्सगंज में पकरी रोड के पास मंगलवार को ट्रैक्टर ट्रॉली और ट्रेलर में भिड़ंत हो गई। हादसे में ट्रॉली सवार खरपत्तू (60) की मौत हो गई, जबकि 10 लोग घायल हुए। सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। ट्रैक्टर ट्रॉली पर करीब 30 लोग सवार थे। वह शव लेकर अंतिम संस्कार करने हिंदुआरी जा रहे थे। हादसे के बाद हाईवे पर चीख-पुकार मच गई। रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के मझिगांव निवासी रामचंद्र (50) की मृत्यु हो गई थी। परिवार के लोग रिश्तेदारों के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली पर शव लेकर अंतिम संस्कार करने हिंदुआरी जा रहे थे। रॉबर्ट्सगंज में पकरी रोड के पास गलत दिशा से ट्रैक्टर ट्रॉली हाईवे पर घुसी, तभी वाराणसी की तरफ से आ रहे ट्रेलर ने टक्कर मार दी।

## मऊ समाचार

### 50 मीटर पर खड़ी थीं तीन एंबुलेंस, रेबीज के संक्रमण से तड़प- तड़पकर मासूम की हुई मौत



**मऊ।** जिला अस्पताल की इमरजेंसी से रेफर के बाद डेढ़ घंटे तक एंबुलेंस नहीं मिलने से मंगलवार की शाम जीउत (12) की तड़पकर मौत हो गई। मां शीला ने बताया कि परिसर में महज 50 मीटर की दूरी पर तीन एंबुलेंस खड़ी थीं।

क्या है मामला

घोसी कोतवाली क्षेत्र के लखनी मुबारकपुर निवासी हरेंद्र मुसहर और शीला अपने बेटे को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने जीउत के अंदर रेबीज का संक्रमण होने की पुष्टि की। प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने उसे वाराणसी के लिए रेफर कर दिया, जहां उसकी बीमारी कुछ हद तक सुधर सकती थी। पिता और मां शीला ने लगातार एंबुलेंस की हेल्पलाइन नंबर 108 पर फोन करके मदद मांगी।

वहीं इस दौरान अस्पताल की इमरजेंसी के सामने चंद कदम दूरी पर कई एंबुलेंस खड़ी रहीं, लेकिन डेढ़ घंटे तक नहीं पहुंच सकी और जीउत की तड़प- तड़पकर मौत हो गई।

## बलिया समाचार

### बेटे की शादी के लिए खरीदारी करने जाते समय सड़क दुर्घटना में मौत

**चौकियामोड़।** उभांव थाना क्षेत्र के फरसाटार चट्टी के भुवारी मोड़ के करीब नगरा-चौकिया मार्ग पर मंगलवार को दो बाइक की टक्कर में शाहपुर अफगा गांव निवासी इसरार अहमद (48) की मौत हो गई।

घटना की जानकारी के बाद परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल रहा। पुलिस शव को पोस्टमार्टम को भेजवाया। सीयर से कांग्रेस पार्टी के पांच दशक पूर्व दो बार के विधायक रहे रफीउल्लाह के तीन बेटों में सबसे छोटे इसरार अहमद घर पर रहकर खेती करते थे। 18 दिसंबर को तीसरे बेटे असहर अहमद की शादी होनी है। शादी के बाजार को लेकर बेल्थरारोड बाजार करने बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान भुवारी मोड़ के पास पीछे से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में इसरार अहमद गिरकर अचेत हो गए।

## सुल्तानपुर समाचार

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत




**कुड़वार।** गजेहड़ी निवासी मोहम्मद कैफ (21) और मोहम्मद सैफ (20) की मंगलवार दोपहर खेत से गुजरे हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक दोनों खेत में स्थित मोहम्मद सैफ के घर बल्ली के सहारे गुजरी केबल को बांस से ऊपर कर रहे थे।

इसी बीच केबल के ऊपर से गुजरे हाईटेंशन लाइन से बांस छू गया। बांस में उतरे करेंट की चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि मोहम्मद सैफ का घर खेत में स्थित है। सैफ के घर से करीब 500 मीटर की दूरी पर बिजली का खंभा है। उसी खंभे से केबल के जरिये सैफ के घर पर बिजली की आपूर्ति की जा रही है। सैफ के घर जाने वाला केबल बल्ली के सहारे घर तक गया है। ग्रामीणों के मुताबिक केबल लटक गया था। उसी को ऊपर करने के लिए मोहम्मद सैफ ने मंगलवार दोपहर अपने दोस्त गांव निवासी मोहम्मद कैफ से मदद करने को कहा। मोहम्मद कैफ लटक रहे केबल को ऊपर करने के लिए मोहम्मद सैफ के साथ खेत में पहुंचा। मोहम्मद सैफ बांस लेकर केबल ऊपर करने लगा। तभी वहां से गुजरे हाईटेंशन लाइन से बांस छू गया। बांस में नमी होने से उसमें करेंट प्रवाहित होने लगा, जिससे सैफ झुलस गया। उसे बचाने में कैफ भी करेंट की चपेट में आ गया। दोनों करंट से गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

## गोरखपुर समाचार

### जिले में 5.78 लाख बोगस वोटर होंगे मतदाता सूची से बाहर



**गोरखपुर।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत सत्यापन के दौरान जिले में करीब 5.78 लाख बोगस वोटर मिले हैं, जिनका नाम मतदाता सूची से कटेगा। इन 1.26 लाख मृतक मतदाता और करीब 2.5 लाख ऐसे मतदाता हैं जो कहीं और शिफ्ट हो गए हैं लेकिन उनका मतदाता सूची में था। उधर, सोमवार तक करीब 95.5 फीसदी मतदाताओं के विवरण को डिजिटलाइजेशन कर दिया गया। एसआईआर के तहत फॉर्म भरकर जमा करने और पोर्टल पर विवरण अपलोड करने की अंतिम तिथि 11 दिसंबर है। जिले में अब तक करीब 95.5 फीसदी मतदाताओं से फॉर्म एकत्र कर लिया गया है। शहरी क्षेत्र में 93.25 फीसदी और ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम 89 फीसदी फॉर्म एकत्र हो पाया है।मतदाता सूची में पिछले कई चुनावों से संशोधन न होने से बोगस वोटरों की संख्या भी 17 फीसदी तक है। फॉर्म जमा करने के लिए अब तीन दिन ही बचे हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय के आंकड़ों के मुताबिक, सत्यापन के दौरान अब तक 1.26 लाख मृतक मतदाता, 66 हजार डुप्लिकेट मतदाता मिले हैं। इनके अलावा करीब एक लाख मतदाता ऐसे हैं जो वर्तमान पते पर मिले ही नहीं है और 2.5 लाख मतदाता दूसरी जगहों पर शिफ्ट हो गए हैं। इन मतदाताओं का नाम सूची से हटेगा। डीएम दीपक मीणा ने बताया कि सोमवार तक 95.50 फीसदी गणना प्रपत्र जमा कराकर विवरण को डिजिटलाइजेशन करा दिया गया है। बोगस वोटर भी करीब 17 फीसदी तक हैं। ऐसे मतदाताओं की दोबारा जांच करवा रहे हैं, ताकि कोई छूटने न पाए। यह भी देखा जा रहा है कि किसी वार्ड या गांव में ज्यादा संख्या में एक साथ मतदाता का नाम गायब तो नहीं हुआ है। इसके अलावा कोई महत्वपूर्ण नाम न छूटने पाए, इसका सत्यापन कराया जा रहा है। डीएम ने कहा कि जो लोग अभी गणना प्रपत्र नहीं भर पाए हैं वे बीएलओ से संपर्क कर जरूर भर दें। तभी मतदाता सूची में नाम आ पाएगा।

## जौनपुर समाचार

### जिले में 82 प्रतिशत से अधिक डिजिटलाइजेशन का कार्य पूरा : डीएम

**जौनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की बैठक हुई। इसमें विधानसभावार डिजिटलाइजेशन पर चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि जनपद में लगभग 82 फीसदी डिजिटलाइजेशन का कार्य पूरा हो गया है। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधानसभावार डिजिटलाइजेशन के कार्य में हुई प्रगति की जानकारी दी गई। बताया गया कि बदलापुर में 85 फीसदी, शाहगंज में 84 फीसदी, जौनपुर में 74 फीसदी, मल्हनी में 83 फीसदी से ज्यादा काम पूरा हो गया है। इसी तरह से मुंगरा बादशाहपुर में 82 फीसदी, मछलीशहर में 82 फीसदी, मड़ियाहूं में 83 फीसदी, जफराबाद में 80 फीसदी और केराकत में 84 फीसदी डिजिटलाइजेशन का कार्य पूरा हो चुका है।

## भदोही समाचार

### उपचार के दौरान प्रसूता की मौत, अस्पताल पर हंगामा



**भदोही।** कोतवाली के रामरायपुर स्थित निजी अस्पताल पार्वती हॉस्पिटल में सोमवार की रात उपचार के दौरान प्रसूता की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल के बाहर जमकर हंगामा किया। हरियांव निवासी प्रसूता के पति राजेश प्रजापति का आरोप है कि उनकी तीसरी संतान के जन्म के दौरान डॉक्टर ने ऑपरेशन तो कर दिया लेकिन रक्तस्राव न रोक पाने से उसकी हालत बिगड़ गई। इसके बाद उसे वाराणसी रेफर कर दिया गया। डॉक्टर की लापरवाही की कीमत पत्नी को जान देकर चुकानी पड़ी। कोतवाली से भारी पुलिस बल ने पहुंचकर किसी तरह परिजनों को समझाया। राजेश प्रजापति ने बताया कि पत्नी रीता के तीसरी बार गर्भवती होने पर उसे पार्वती हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। डिलीवरी के लिए डॉक्टर ने ऑपरेशन की बात कही। सोमवार की रात ऑपरेशन के दौरान अधिक रक्तस्राव होने से रीता की हालत बिगड़ गई। तब डाक्टर ने वाराणसी रेफर कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मंगलवार को सुबह मृतका के परिजन, रिश्तेदार और पड़ोसी अस्पताल पहुंचकर हंगामा करने लगे। लोगों का आरोप था कि जब महिला की हालत एकदम खराब हो गई, तब कहीं और ले जाने को कह दिया गया। अस्पताल के बाहर हंगामे की सूचना मिलते ही भदोही कोतवाली प्रभारी सच्चिदानंद पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। काफी समझाने बुझाने के बाद भी भीड़ शांत होने का नाम नहीं ले रही थी। मामले की जांच और कार्रवाई का भरोसा दिलाकर किसी तरह लोगों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। कोतवाली प्रभारी ने कहा कि मृतका का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी पीड़ित पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## चंदौली समाचार

### पोलियो ड्रॉप पिलाने का विशेष अभियान 14 से होगा शुरू

**चंदौली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगढ़ में सोमवार को उपजिलाधिकारी विकास मित्तल की अध्यक्षता में ब्लॉक टास्क फोर्स (बीटीएफ) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पोलियो अभियान की रूपरेखा तय की गई। पोलियो ड्रॉप पिलाने का विशेष अभियान 14 दिसंबर से शुरू होगा। निर्णय लिया गया कि रविवार से पोलियो ड्रॉप पिलाने का विशेष अभियान शुरू किया जाएगा।

इस अभियान के तहत स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक देंगे। अधिकारियों ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागों का सहयोग लिया जाएगा और किसी भी बच्चे को पोलियो ड्रॉप्स से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। उपजिलाधिकारी विकास मित्तल ने कहा कि पोलियो उन्मूलन सरकार की प्राथमिकता है।

## गाजीपुर समाचार

### प्रेम विवाह करने वाली महिलाओं को मायके का नहीं मिल रहा साथ

**गाजीपुर।** प्रेम विवाह करने वाली महिलाओं को एक बार फिर मायके वालों की याद आ गई है। एसआईआर फॉर्म भरने के लिए उन्हें दस्तावेजों के लिए मायके से जानकारी चाहिए लेकिन परिजनों की नाराजगी से उन्हें विवरण नहीं मिल रहा। इससे उन्हें एसआईआर फॉर्म भरने में दिक्कत हो रही है। उधर, अधूरा ब्योरा बीएलओ समेत अन्य कर्मचारियों के लिए चुनौती बन रहा है। एसआईआर सर्वे के दौरान बड़ी संख्या में ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां मायके पक्ष ने अपनी ही बेटी से जुड़ी जरूरी विवरण देने से इन्कार कर दिया। इससे न सिर्फ रिश्तों की दरारें उजागर हुईं बल्कि प्रशासन की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। बीएलओ घर-घर जाकर बहुओं का विवरण जुटाए तो हैं, लेकिन प्रेम विवाह में मायके से दूरी बनाने वाली महिलाएं इस प्रक्रिया में सबसे अधिक प्रभावित हैं। नाम न छापने की शर्त पर कुछ बीएलओ ने बताया कि बार-बार कोशिश के बाद भी महिलाओं की जानकारी देने में परिजन झिझक रहे हैं। प्रशासन ने सभी से सहयोग की अपील की है। केस-एक-कासिमाबाद क्षेत्र में एक युवक और युवती के बीच प्रेम संबंधों की जानकारी हुई और ग्रामीणों ने दोनों को पकड़ लिया गया तो दोनों ने प्रेम विवाह कर लिया। अब युवती को मायके वालों से ब्योरा लेने की जरूरत पड़ी तो मायके वाले बीएलओ से भी रिकॉर्ड साझा नहीं कर रहे हैं। केस-दो-जंगीपुर थाना क्षेत्र की एक युवती ने इसी वर्ष मार्च में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत एक युवक से शादी की थी।

## देवरिया समाचार

### हादसे में हुई मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**चनुकी।** चार दिन पहले सड़क दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति की इलाज के दौरान हुई मौत के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज किया है। लार थाना क्षेत्र के इसरैली निवासी रामकृपाल अपने मौसेरी भाई के साथ पांच दिसंबर को बाइक से बिहार के गोहरिया शादी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। बभनौली गांव के समीप किसी वाहन की चपेट में आ गए, जिससे दोनों लोग घायल हो गए। लोगों ने दोनों घायलों को लार अस्पताल लाए, लेकिन हालत खराब देख डाक्टरों ने मेडिकल कॉलेज के लिए भेज दिया। घायल रामकृपाल की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी साबरमती की तहरीर पर अज्ञात चालक व घटना में शामिल वाहन पर प्राथमिकी दर्ज किया है।

## मीरजापुर समाचार

### मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय के 'सप्तरंग' कार्यक्रम में द्वितीय स्थापना दिवस




**मीरजापुर।** मां विंध्यवासिनी के नाम से स्थापित मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय भारतवर्ष का एक सर्वोत्तम विश्वविद्यालय बने तथा यहां पर अध्ययन कर रहे छात्र-छात्रा पूरे विश्व में अपना परचम लहराये यही मेरी इस विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं से अपेक्षा होगी।

उक्त विचार मंडलायुक्त राजेश प्रकाश ने डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल लोहिया तालाब में मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय के 'सप्तरंग' कार्यक्रम में द्वितीय स्थापना दिवस के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं में अत्यंत प्रतिभा दिखाई देती है जिससे यह महसूस होता है कि वे काफी प्रगति कर सकते हैं। विश्वविद्यालय की कुलपति शोभा गौड़ ने कहा कि यह मेरे विश्वविद्यालय का पहला कार्यक्रम है। हम अगले कार्यक्रम को अपने विश्वविद्यालय के प्रांगण में आयोजित करेंगे सप्तरंग कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्रश्नोत्तरी में उत्कर्ष चौरसिया एवं जयकुमार गुप्ता (केबी पी जी कॉलेज) निबंध में नमीरा अली (अवधूत भगवान पीजी कॉलेज) रंगोली में कौशिकी वर्मा एवं श्रेया श्रीवास्तव एकल लोकगीत में प्रीति एवं अन्य प्रतियोगिता में श्रेया तथा राधिका ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान कृष्ण अग्रवाल, मानस मिश्रा, शीलू शुक्ला जिज्ञासा दुबे, अंजलि विश्वकर्मा वर्षा गुप्ता, मुस्कान पांडे आदित्य प्रकाश उपाध्याय नित्या त्रिपाठी आदि ने प्राप्त की।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉक्टर संजीव सिंह पूर्व कुलपति हरि बहादुर श्रीवास्तव प्राचार्य रितु सिंह, अशोक कुमार सिंह, प्रो रविंद्र खरवार उर्मिला श्रीवास्तव कुल सचिव रामनारायण थे कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति शोभा गौड़ ने किया कार्यक्रम का संचालन नम्रता मिश्रा एवं कुलदीप पांडे ने की।

## आजमगढ़ समाचार

### कुएं में मिला शख्स का शव, हत्या की आशंका



**आजमगढ़।** जिले के बरदह थाना क्षेत्र के शेख पठानपुर गांव में बुधवार की सुबह एक कुएं में संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गोसाईपुर निवासी सुभाष सरोज (45) के रूप में हुई है।

परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मृतक के पुत्र पिंटू सरोज ने बताया कि उनके पिता मंगलवार की शाम चार लोगों के साथ खेत की ओर गए थे। यह सभी लोग खेती-बाड़ी का काम मजदूरी पर करते थे। उनके साथ कई अन्य लोग भी मौजूद थे, लेकिन घटना के बाद सभी साथी मौके से चले गए। पिंटू के अनुसार, ग्रामीणों ने दूर से कुएं के पास कुछ संदिग्ध गतिविधि देखी और जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे तो कुएं में शव देखकर दंग रह गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फरार लोगों की तलाश में टीम लगाई गई है। घटना के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही चल सकेगा।

## लाइफ मंत्र

### कब मनाई जाएगी मकर संक्रांति? जानें शुभ मुहूर्त, स्नान दान और शुभ योग

हिंदू धर्म में मकर संक्रांति का बहुत खास महत्व है। जब सूर्य देव धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं, उस दिन मकर संक्रांति मनाई जाती है। यह उत्सव पूरे भारतवर्ष में अलग-अलग क्षेत्रीय पहचानों के साथ मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश और बिहार में इसे खिचड़ी पर्व या मकर संक्रांति कहते हैं, वहीं पंजाब और हरियाणा में यह लोहड़ी के रूप में जाना जाता है, जबकि तमिलनाडु में पोंगल और असम में माघ बिहू या भोगाली बिहू के नाम से इसकी धूम रहती है। इस शुभ अवसर पर, श्रद्धालु सूर्य देव की विशेष



आराधना करते हैं, तिल और गुड़ से बने पकवानों का आनंद लेते हैं। माना जाता है कि इस दिन पूरे विधि-विधान के साथ सूर्य देव की पूजा करने से मन की हर मनोकामना पूरी होती है और जीवन में आने वाली हर परोशानी छुटकारा मिलता है। तो आइए जानते हैं मकर संक्रांति के शुभ मुहूर्त, स्नान दान और शुभ योग के बारे में-

**मकर संक्रांति की 2026 शुभ मुहूर्त**

पंचांग के अनुसार, वर्ष 2026 में सूर्य देव 14 जनवरी को दोपहर 3 बजकर 13 मिनट पर अपनी राशि बदलकर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। संक्रांति का यह महत्वपूर्ण क्षण 14 जनवरी को दोपहर में हो रहा है, इसलिए इसी दिन को मकर संक्रांति पर्व के रूप में मनाया जाएगा। इस आधार पर, नए साल 2026 में मकर संक्रांति 14 जनवरी, बुधवार को ही होगी और स्नान तथा दान जैसे सभी धार्मिक कार्य इसी तिथि पर संपन्न किए जाएंगे।

**मकर संक्रांति का स्नान-दान मुहूर्त**

मकर संक्रांति के पावन अवसर पर, श्रद्धालु ब्रह्म मुहूर्त से ही स्नान और दान-पुण्य के कार्यों में जुट जाते हैं। इस साल मकर संक्रांति पर ब्रह्म मुहूर्त का समय सुबह 05 बजकर 27 मिनट से 06 बजकर 21 मिनट तक रहेगा। हालांकि, यदि आप अधिकतम पुण्य अर्जित करना चाहते हैं, तो इस दिन महा पुण्य काल में स्नान करना सबसे उत्तम माना गया है।

**मकर संक्रांति शुभ योग**

**सर्वार्थ सिद्धि योग-** यह शुभ योग सुबह 07 बजकर 15 मिनट से शुरू होकर अगले दिन यानी 15 जनवरी की तड़के 03 बजकर 03 मिनट तक रहेगा।

**अमृत सिद्धि योग-** यह योग भी सुबह 07 बजकर 15 मिनट से शुरू होकर 15 जनवरी को तड़के 03 बजकर 03 मिनट तक रहेगा।

# कब्ज से राहत पाने के लिए डाइट में शामिल करें ये फूड्स, पेट के साथ आंतों की होगी सफाई



कब्ज की समस्या से राहत पाने के लिए अगर दवाओं की जगह अगर सही और नेचुरल फूड को अपनाया जाए, तो कब्ज की समस्या जड़ से खत्म हो सकती है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे प्रभावी फूड्स के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं, जिनको अपनी डाइट में शामिल करने से कब्ज से राहत मिल सकती है। कब्ज एक आम लेकिन परेशान करने वाली समस्या है। कम फाइबर युक्त फूड, अनहेल्दी लाईफ स्टाइल, तनाव और पानी की कमी जैसी आदतों की वजह से कब्ज की समस्या होती है। जब पेट साफ करने में समस्या आती है, तो पेट दर्द, सिरदर्द, गैस, आलस्य और मुंह के स्वाद बिगड़ने जैसे लक्षण दिखते हैं। दवाओं की जगह अगर सही और नेचुरल फूड को अपनाया जाए, तो कब्ज की समस्या जड़ से खत्म हो सकती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे प्रभावी फूड्स के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं, जिनको अपनी डाइट में शामिल करने से कब्ज से राहत मिल सकती है।

**पपीता**

पपीता में नैचुरल एंजाइम पपेन और फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है। जोकि पाचन क्रिया को दुरुस्त करता है और आंतों को भी साफ रखता है। रोजाना सुबह खाली पेट पपीता खाना पेट के लिए काफी फायदेमंद होता है।

**भीगे हुए अंजीर**

अंजीर फाइबर का एक बेहतरीन स्त्रोत माना जाता है। रात को 2-3 भिगोए हुए अंजीर का सेवन करने से आंतों की गति बढ़ती है और मल आसानी से बाहर निकलता है।

**त्रिफला चूर्ण**

आयुर्वेद में त्रिफला चूर्ण को कब्ज का सबसे असरदार उपायों में से एक माना जाता है। इसलिए रोजाना रात में सोने से पहले गुनगुने पानी के साथ त्रिफला चूर्ण का सेवन करने से कब्ज धीरे-धीरे ठीक होता है।

**गुनगुना पानी और नींबू**

रोजाना सुबह एक गिलास गुनगुने पानी में नींबू और शहद मिलाकर पीने से आंतें एक्टिव रहती हैं और शरीर में जमा टॉक्सिन्स भी बाहर निकलते हैं।

**पालक**

पालक में आयरन, फाइबर और मैग्नीशियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसके सेवन से पाचन तंत्र को मजबूती मिलती है और पेट साफ करने में यह मदद करता है।

**किशमिश**


किशमिश में नेचुरल लैक्सेटिव गुण पाया जाता है। इसलिए रात में किशमिश भिगोकर सुबह खाली पेट इसका सेवन करने से इसका दोगुना फायदा मिलता है।

**सेब**

सेब में पेक्टिन नामक घुलनशी फाइबर पाया जाता है। जोकि पाचन क्रिया को सक्रिय करता है और इसके सेवन करने से पेट साफ करने में आसानी होती है।

**दही**

दही में प्रोबायोटिक्स मौजूद होता है, जोकि गुड बैक्टीरिया को बढ़ाता है। इसका सेवन करने से पाचन बेहतर होता है और कब्ज की समस्या दूर होती है।



# हार्ट अटैक आने से पहले शरीर देने लगते हैं खतरे के 5 संकेत, समय रहते कर लें ध्यान

**अधिकतर लोग सोचते हैं कि दिल का दौरा बिना किसी चेतावनी के अचानक पड़ता है, जबकि हकीकत यह है कि शरीर पहले से ही कई संकेत देने लगता है। दुर्भाग्य से लोग अक्सर इन शुरुआती लक्षणों को समझ नहीं पाते और अनदेखा कर देते हैं। यदि इन संकेतों पर समय रहते ध्यान दे दिया जाए तो बड़ी दुर्घटना से बचा जा सकता है। आइए जानते हैं कि हार्ट अटैक से पहले शरीर कौन-कौन से लक्षण दिखाना शुरू करता है।**

वैसे एक रिसर्च में पाया गया है कि सबसे ज्यादा हार्ट अटैक सर्दियों के मौसम में पड़ते हैं। अक्सर हार्ट अटैक अचानक और बिना चेतावनी वाली घटना मानी जाती है, हालांकि, यह धारणा पूरी तरह से ठीक नहीं। हेल्थ एक्सपर्ट ने बताया है कि हार्ट अटैक आने से पहले शरीर कई संकेत देता है, जिन्हें लोग अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं।

अगर आप इन लक्षणों को सही समय पर पहचान लें, तो जान बचाई जा सकती है। वैसे इस तरह के संकेत काफी मामूली होते हैं, लेकिन इनकी अनदेखी जानलेवा मानी जाती है। आइए जानते हैं हार्ट अटैक से पहले शरीर कैसे संकेत देना शुरु करता है।

**काम करते वक्त सांस फूलना**

अगर आपको चलने, सीढ़ियां चढ़ने या हल्की-फुल्की सफाई करते समय जल्दी-जल्दी सांस चढ़ने लगे, तो यह दिल की कार्यक्षमता घटने का संकेत हो सकता है। दिल जब पर्याप्त ताकत से खून नहीं पंप कर पाता, तो फेफड़ों को मिलने वाली ऑक्सीजन कम हो जाती है जिसके कारण सांस लेने में परेशानी महसूस होती है। इस स्थिति को डिस्प्निया कहा जाता है और यह हार्ट फेल्योर या कोरोनरी आर्टरी डिज़ीज़ का शुरुआती लक्षण भी हो सकता है।

**सोने में दर्द, दबाव या बेचैनी महसूस करना**

हार्ट अटैक का यह सबसे आम लक्षण है, हालांकि इसे हमेशा तेज दर्द के रुप में अनुभव किया जाता है। कई बार सीने में भारीपन, जलन, कसाव या दबाव जैसा महसूस होता है। यह दर्द कभी-कभी बाएं हाथ, जबड़े, गर्दन या पीठ तक फैलता है। यह आराम करने पर कम हो सकता है और शारीरिक या भावनात्मक तनाव में बढ़ सकता है। इसको आप नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं।

**चक्कर आना, बेहोशी या धड़कनों का तेज होना**

यदि आपको बिना किसी कारण से चक्कर आना, सिर हल्का होना या बेहोश हो जाना इस बात का संकेत है कि दिमाग तक सही मात्रा में ब्लड नहीं पहुंच पा रहा है। अगर धड़कने अचानक से तेज हो जाए, धीमा या अनियमित हो जाना भी हार्ट की एलेक्ट्रिक रिदम में गड़बड़ी की ओर इशारा करता है। यह लक्षण एरिथमिया से जुड़ा हुआ हो सकता है।

**असामान्य कमजोरी या थकान**

अगर बिना कोई भारी काम किए ही लगातार थकान या कमजोरी महसूस होने लगे, खासकर महिलाओं में, तो यह दिल में गड़बड़ी का संकेत हो सकता है। ऐसी थकान आराम करने पर भी ठीक नहीं होती। इसकी वजह यह है कि दिल को पर्याप्त खून नहीं मिलता और शरीर तक ऑक्सीजन की आपूर्ति कम हो जाती है जिसके चलते व्यक्ति हमेशा थका-थका और सुस्त महसूस करता है।

# गले की जलन का देसी इलाज है पान का पत्ता, जानिए कैसे करें इसका सेवन



आयुर्वेद याद दिलाता है कि हर समस्या का इलाज सिर्फ दवा से नहीं बल्कि कई बार प्राकृतिक चीजों से भी होता है। वहीं हमारे पूर्वजों ने जिन पत्तियों पर भरोसा करते हैं, उनमें पान का पत्ता सबसे अधिक खास है।

जब दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का लेवल तेजी से बढ़ता है। तब सबसे पहला असर सांसों, गले और फेफड़ों पर महसूस होता है। हवा में मौजूद धूल, हानिकारक कण और धुआं गले में खराश, जलन, सूखापन और खांसी को बढ़ा देता है। ऐसे समय में आयुर्वेद याद दिलाता है कि हर समस्या का इलाज सिर्फ दवा से नहीं बल्कि कई बार प्राकृतिक चीजों से भी होता है। वहीं हमारे पूर्वजों ने जिन पत्तियों पर भरोसा करते हैं, उनमें पान का पत्ता सबसे अधिक खास है।

बता दें कि पान के पत्ते का इस्तेमाल सिर्फ पूजा-पाठ या खान में नहीं होता है, बल्कि यह ऊर्जा संतुलन और हीलिंग में भी काम आता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि पान के पत्ते का कैसे इस्तेमाल करना चाहिए।

**पुरानी और भरोसेमंद दवा**

आयुर्वेद के मुताबिक पान के पत्ते में उष्ण वीर्य यानी शरीर को गर्माहट देने वाली प्राकृतिक ऊर्जा मौजूद होती है। जब प्रदूषण, ठंड या मौसम में बदलाव की वजह से कफ बढ़ता है, तो यह कफ शरीर में गले में जलन, भारीपन, खांसी और बंद नाक जैसी समस्याएं होती हैं। इन सभी परेशानियों से आपको पान का पत्ता निजात दिला सकता है। इस नुस्खे को आजमाने से आपको सिरप या फिर दवा की जरूरत नहीं पड़ेगी।

गले में जलन का देसी इलाज इस विधि से खराश, सूखापन, गले की जलन, खांसी और कफ में जल्दी आराम मिलता है।

**ऐसे बनाएं पान के पत्ते का काढ़ा**

सबसे पहले 1-2 पान के पत्ते पानी में डालें।

फिर तुलसी के 3-4 पत्ते और 3-4 काली मिर्च डालकर अच्छे से उबालें।

अब कुछ मिनट उबालकर छान लें।

इसके बाद गर्म-गर्म पानी पिएं। सिर्फ 7-10 दिन तक इस पानी को पीने से आप महसूस करेंगी कि गले की जलन कम हो रही है, खांसी भी शांत हो रही है, गला हल्का, कफ पिघलकर निकलने लगता है और आरामदायक लग रहा। यह एक ऐसा उपाय है, जिसको हर उम्र का व्यक्ति अपना सकता है।

**पान के पत्ते का महत्व**

पान का पत्ता हल्का गर्म करके लेने से सांस खुलती है।

पानी में उबालकर इसका काढ़ा बनाकर पीने से गले की खराश कम होती है।

शहद के साथ इसका सेवन करने से यह गले को शांत करता है।

वहीं स्टीम में डालकर लेने से कंजेशन फौरन कम हो जाता है।

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS
MENS
TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)
OPD Time
12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170